I.G.N.O.U. *Based*

**NEERAJ®**

# B.S.W.E.-3

## समुदायों एवं संस्थाओं के साथ समाज कार्य अन्त:क्षेप

**(Social Work Intervention with Community and Institutions )**

By: *Prabhat Kumar*

***Question Bank Cum Chapterwise Reference Book***
***Including* Many Solved Question Papers**

NP

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )

**Sales Office:**
**1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6**
**Ph.: 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501**
**E-mail: info@neerajignoubooks.com**
**Website: www.neerajignoubooks.com**

MRP ₹ 240/-

***Published by:***

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*Sales Office* : **1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006**
*E-mail*: **info@neerajignoubooks.com**
*Website*: **www.neerajignoubooks.com**

| | | |
|---|---|---|
| ***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only*** | *Typesetting by: Competent Computers* | *Printed at: Novelty Printer* |


***Notes:***

1. *For the best & upto-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board /University.*
3. *The information and data etc. given in this Book are from the best of the data arranged by the Author, but for the complete and upto-date information and data etc. see the Govt. of India Publications/textbooks recommended by the Board/University.*
4. *Publisher is not responsible for any omission or error though every care has been taken while preparing, printing, composing and proof reading of the Book. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading etc. are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. If any reader is not satisfied, then he is requested not to buy this book.*
5. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
6. *If anyone finds any mistake or error in this Book, he is requested to inform the Publisher, so that the same could be rectified and he would be provided the rectified Book free of cost.*
7. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
8. *Question Paper and their answers given in this Book provide you just the approximate pattern of the actual paper and is prepared based on the memory only. However, the actual Question Paper might somewhat vary in its contents, distribution of marks and their level of difficulty.*
9. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS/NEERAJ IGNOU BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc. is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ IGNOU BOOKS/NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
10. *Subject to Delhi Jurisdiction only.*

**© Reserved with the Publishers only.**

***Spl. Note:*** *This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*

## How to get Books by Post (V.P.P.)?

*If you want to Buy NEERAJ IGNOU BOOKS by Post (V.P.P.), then please order your complete requirement at our Website* ***www.neerajignoubooks.com****. You may also avail the 'Special Discount Offers' prevailing at that Particular Time ( Time of Your Order).*
*To have a look at the Details of the Course, Name of the Books, Printed Price & the Cover Pages (Titles) of our NEERAJ IGNOU BOOKS You may Visit/Surf our website* ***www.neerajignoubooks.com.***
*No Need To Pay In Advance, the Books Shall be Sent to you Through V.P.P. Post Parcel. All The Payment including the Price of the Books & the Postal Charges etc. are to be Paid to the Postman or to your Post Office at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us by Charging some extra M.O. Charges.*
*We usually dispatch the books nearly within 4-5 days after we receive your order and it takes Nearly 5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take atleast 10 days).*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*
( An ISO 9001 : 2008 Certified Company )
***1507, 1st Floor, NAI SARAK, DELHI - 110006***
***Ph. 011-23260329, 45704411, 23244362, 23285501***
*E-mail:* **info@neerajignoubooks.com** *Website:* **www.neerajignoubooks.com**

# CONTENTS

## समुदायों और संस्थाओं के साथ समाज कार्य अन्तःक्षेप
## ( Social Work Intervention with Communities and Institutions )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | **1-3** |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | **1-2** |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | **1-3** |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | **1-3** |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | **1-3** |
| *Question Paper—June, 2014 (Solved)* | **1-2** |
| *Question Paper—December, 2013 (Solved)* | **1-2** |
| *Question Paper—June, 2012 (Solved)* | **1-2** |
| *Question Paper—December, 2011 (Solved)* | **1-2** |
| *Question Paper—December, 2010 (Solved)* | **1-2** |


*S.No.* ## *Chapterwise Reference Book* *Page*

**सामुदायिक संगठन**
**( Community Organisation )**


| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| **1.** | सामुदायिक संगठन : अवधारणा और सिद्धांत ( Community Organisation: Concept and Principles ) | **1** |
| **2.** | सामुदायिक संगठन का इतिहास ( History of Community Organisation ) | **5** |
| **3.** | समाज कार्य की प्रणाली के रूप में सामुदायिक संगठन ( Community Organisation as a Method of Social Work ) | **9** |
| **4.** | सामुदायिक संगठन में समकालीन मुद्दे ( Current Issues in Community Organisation ) | **13** |
| **5.** | विभिन्न परिवेशों में सामुदायिक संगठनकर्त्ता की भूमिका ( Role of Community Organiser in Different Settings ) | **19** |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **समाज कल्याण प्रशासन** <br> **( Social Welfare Administration )** | |
| **6.** | समाज कल्याण प्रशासन : अवधारणा, प्रकृति और क्षेत्र <br> ( Social Welfare Administration: Concept, Nature and Scope ) | **22** |
| **7.** | समाज सेवा संगठनों के प्रकार और उद्देश्य <br> ( Types and Purpose of Social Service Organisations ) | **27** |
| **8.** | प्रशासन के तत्त्व (पोस्डकोरबेफ) ( Principles of Administration (POSDCoRBEF) ) | **32** |
| **9.** | समाज सेवा संगठन स्थापित करने की कार्यविधि और संचालन <br> ( Procedure of Eastablishing and Running Social Service Organisation ) | **37** |
| **10.** | समाज कार्य पद्धति के रूप में समाज कल्याण प्रशासन <br> ( Social Welfare Administration as a Method of Social Work ) | **41** |
| | **सामाजिक परिवर्तन के लिए समाज कार्य** <br> **( Social Action for Social Change )** | |
| **11.** | सामाजिक क्रिया : अवधारणा और सिद्धांत ( Social Action: Concept and Principles ) | **45** |
| **12.** | सामाजिक क्रिया में प्रयुक्त रणनीतियाँ और युक्तियाँ <br> ( Strategies and Tactics Employed in Social Action ) | **49** |
| **13.** | सामाजिक क्रिया के प्रतिरूप ( Models of Social Action ) | **53** |
| **14.** | सामुदायिक कार्य और सामाजिक आन्दोलन के संदर्भ में सामाजिक क्रिया <br> ( Social Action in Relation to Community Work and Social Movement ) | **57** |
| **15.** | समाज कार्य की एक पद्धति के रूप में सामाजिक क्रिया <br> ( Social Action as a Method of Social Work ) | **60** |
| | **समाज कार्य अनुसंधान के मूल तत्त्व** <br> **( Basics of Social Work Research )** | |
| **16.** | समाज कार्य अनुसंधान : अर्थ, महत्त्व और कार्यक्षेत्र <br> ( Social Work Research: Meaning, Importance and Scope ) | **64** |
| **17.** | समाज कार्य अनुसंधान में दृष्टिकोण ( Approaches in Social Work Research ) | **69** |
| **18.** | निदर्शन : अवधारणा, महत्त्व एवं प्रकार ( Sampling: Concept, Significance and Types ) | **73** |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 19. | आँकड़े एकत्रित करने की पद्धतियाँ और उपकरण ( Methods and Tools of Data Collection ) | 77 |
| 20. | आँकड़ों का विश्लेषण एवं सम्पादन ( Processing and Analysis of Data ) | 81 |
| 21. | समाज कार्य में सांख्यिकीय प्रविधियों का परिचय ( Introduction to Statistical Techniques in Social Work ) | 84 |
| | **समाज कार्यकर्त्ताओं के लिए स्वास्थ्य सूचना ( Health Information for Social Workers )** | |
| 22. | स्वास्थ्य और स्वच्छता की अवधारणाएं : सामुदायिक स्वास्थ्य और औषधि प्रणालियाँ ( Concepts of Health and Hygiene: Community Health and Systems of Medicine ) | 92 |
| 23. | मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक विकार और मानसिक अशक्तता ( Mental Health, Mental Disorders and Mental Disability ) | 100 |
| 24. | प्रमुख स्वास्थ्य समस्याएँ : संक्रामक और असंक्रामक रोग ( Major Health Problems: Communicable and Non-communicable Diseases ) | 106 |
| 25. | स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं ( Health Care Services ) | 112 |
| 26. | स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सम्मिलित सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक तत्त्व ( Social, Economic and Psychological Factors Involved in Health Care Services ) | 120 |
| | **महिला सशक्तीकरण ( Empowerment of Women )** | |
| 27. | भारतवर्ष में महिलाओं की स्थिति का विश्लेषण ( Situational Analysis of Women in India ) | 126 |
| 28. | जेंडर : जागरूक समाज कार्य अन्त:क्षेप की संरचना का विकास ( Developing a Framework for Gender Aware Social Work Intervention ) | 131 |
| 29. | महिलाओं का विकास : स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल ( Women's Development: Initiatives in Health ) | 136 |
| 30. | शिक्षा में महिला विकास की पहल ( Women's Development Initiatives in Education ) | 141 |
| 31. | महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कानून ( Women's Empowerment and Social Legislation ) | 144 |
| 32. | महिलाओं के विकास के लिए राजनैतिक व्यवस्था में की गई पहल ( Women's Development Initiatives in Political System ) | 149 |

■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER
## *(June – 2019)*

*(Solved)*

## समुदायों एवं संस्थाओं के साथ समाज कार्य अंतःक्षेप

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*नोट : (i)* ***सभी पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (ii)* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

**प्रश्न 1. सामुदायिक संगठन को परिभाषित कीजिए। संगठन प्रक्रिया के मूल्य उन्मुखीकरण (orientation) की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'सामुदायिक संगठन का अर्थ और परिभाषा', पृष्ठ-2, 'सामुदायिक संगठन का मूल्य अभिविन्यास'

*अथवा*

**"समाज कल्याण प्रशासन एक पेशा है।" टिप्पणी कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-6, पृष्ठ-23, 'समाज कल्याण प्रशासन', पृष्ठ 25, 'व्यवसाय के रूप में समाज कल्याण प्रशासन', पृष्ठ-26, प्रश्न 9 तथा पृष्ठ-24, 'समाज कल्याण प्रशासन की प्रकृति'

**प्रश्न 2. स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की अवधारणा की व्याख्या कीजिए और इसके विकास पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-22, पृष्ठ-92, 'स्वास्थ्य और स्चछता की अवधारणा', पृष्ठ-93, 'स्वास्थ्य और स्वच्छता की अवधारणा का विकास'

*अथवा*

**मताधिकार अधिकारों के लिए महिलाओं के संघर्ष का इतिहास बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-32, पृष्ठ-149, 'राजनैतिक व्यवस्था में महिलाएं', 'स्थानीय स्व-शासन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व'

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

***(a)*** **सामुदायिक संगठन के विभिन्न दृष्टिकोणों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-7, 'सामुदायिक संगठन का दृष्टिकोण' तथा पृष्ठ-5, 'सामुदायिक संगठन का इतिहास'

***(b)*** **स्वैच्छिक क्षेत्र से आप क्या समझते हैं? इसकी मुख्य विशेषताओं की सूची बनाइए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-37, 'स्वैच्छिक संगठन का अर्थ', पृष्ठ-38, 'विशेषताएं'

***(c)*** **प्रतिचयन (Sampling) के प्रकारों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-18, पृष्ठ-73, 'निदर्शन के प्रकार'

***(d)*** **भारत में महिलाओं से सम्बन्धित नीतियों को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-32, पृष्ठ-151, 'भारत में महिलाओं से संबंधित नीतियां'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

***(a)*** **सामुदायिक संगठन में सत्ता की प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-3, पृष्ठ-10, 'शक्ति की अवधारणा और आयाम', पृष्ठ-11, 'सामुदायिक संगठन में शक्ति की प्रासंगिकता'

***(b)*** **स्वैच्छिक संगठनों की पंजीकरण प्रक्रिया के विभिन्न बिन्दुओं को सूचीबद्ध कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-37, 'स्वैच्छिक संगठन का पंजीकरण और प्रबन्धन' तथा पृष्ठ-39, प्रश्न 3

***(c)*** **सामाजिक क्रिया समाज कार्य अनुसंधान से कैसे सम्बन्धित है?**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-15, पृष्ठ-62, 'समाज कार्य शोध के संदर्भ में सामाजिक क्रिया'

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



***(d)* 'डेटा प्रक्रिया' और 'डेटा विश्लेषण' में अन्तर कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-20, पृष्ठ-81, 'आंकडों की प्रक्रिया', पृष्ठ-82, आंकड़ों का विश्लेषण और व्याख्या करना' तथा प्रश्न 1

***(e)* एक मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति की विशेषताएं बताइए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-23, पृष्ठ-100, 'मानसिक स्वास्थ्य', 'मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति की विशेषताएं'

***(f)* महिला स्वास्थ्य क्षेत्र में एक शिक्षक के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका पर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-29, पृष्ठ-138, 'शिक्षक के रूप में भूमिका', पृष्ठ-140, प्रश्न 7

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

***(a)* गुटबाजी**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-4, पृष्ठ-14, 'गुटबंदी', पृष्ठ-16, प्रश्न 3

***(b)* सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन**

**उत्तर**–सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अंतर्राष्ट्रीय विकास में शामिल अन्य एजेंसियों द्वारा उपयोग किया जाने वाल एक दृष्टिकोण है। इस दृष्टिकोण का लक्ष्य विकास परियोजनाओं और कार्यक्रमों के नियोजन और प्रबंधन में ग्रामीण लोगों के ज्ञान और राय को शामिल करना है।

**मूल**–सहभागिता वाले ग्रामीण मूल्यांकन तकनीकों की दार्शनिक जड़ें पालूलो फ्रीयर और एंटीगोनिश आंदोलन के अध्ययन समूहों जैसे कार्यकर्ता व्यस्क शिक्षा के तरीकों का पता लगा सकते हैं। इस दृष्टि से, सफल ग्रामीण समुदाय के विकास के लिए एक सक्रिय रुप से शामिल और सशक्त स्थानीय जनसंख्या आवश्यक है। पीआरए के प्रमुख अभियोग वाले रॉबर्ट चेंबर्स ने तर्क दिया कि दृष्टिकोण 'फ्रीरियन थीम पर बहुत अधिक है, जो गरीब और शोषित लोगों को अपनी वास्तविकता का विश्लेषण करने के लिए सक्षम किया जा सकता है।

**भागीदारी ग्रामीण मूल्यांकण तकनीक (पी.आर.ए.)**–

(क) ग्रामीण जनसंख्या का मानचित्र बनाना,

(ख) संसाधन और संस्थागत मानचित्र बनाना,

(ग) पूरे गांव का दौरा करना,

(घ) समय रेखा तैयार करना,

(ङ) धारणा का चित्रण करना,

(च) मैट्रिक्स और धन का विवरण देना।

***(c)* संघर्ष वियोजन**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-10, पृष्ठ-43, 'संघर्ष के समाधान की समझ' तथा पृष्ठ-44, प्रश्न 7

***(d)* संगठनात्मक कार्य संस्कृति**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-9, पृष्ठ-39, 'संगठनात्मक कार्य संस्कृति'

***(e)* ली द्वारा सामाजिक क्रिया के लिए दी गई रणनीतियां**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-12, पृष्ठ-49, 'लीस द्वारा प्रमुख रणनीतियों की पहचान'

**इसे भी देखें**–आर. लीस ने तीन प्रमुख रणनीतियों की पहचान की है, जो निम्नलिखित हैं–

***(i)* सहकार**–इस रणनीति के अंतर्गत सामाजिक कार्यकर्त्ता मौजूदा सामाजिक नीति में सुधार के लिए स्थानीय अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों अथवा संस्थाओं से सहकार करते हैं। सहकारात्मक रणनीति में मनाना, शिक्षा, प्रदर्शन और प्रयोग जैसे शांतिपूर्ण साधनों के माध्यम से सामाजिक संरचना में परिवर्तन लाया जाता है।

***(ii)* प्रतियोगिता या समझौता, वार्तालाप व संधि तथा पैरवी**–इस रणनीति में संघर्षरत पक्ष अभियान की युक्तियों में समझौते की भावना से समझौता करने के लिए सामान्यत: स्वीकृत करना, वार्तालाप व संधि करना और समझौते की युक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

***(iii)* विघटन और मुकाबला**–यह रणनीति उग्र विचाराधारा को महत्त्व देती है। इसमें हड़ताल, बहिष्कार, उपवास, कर की अदायगी न करना, धरना एवं प्रदर्शन करना आदि शामिल किए जा सकते हैं। लीस इस रणनीति के अंतर्गत उपद्रवों और गुरिल्ला युद्ध को भी शामिल करते हैं।

***(f)* प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कार्य**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-25, पृष्ठ-118, प्रश्न 17

***(g)* अनुसंधान योजना के लाभ**

**उत्तर–संदर्भ**–देखें अध्याय-17, पृष्ठ-72, प्रश्न 6

***(h)* गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971**

**उत्तर**–सरकार ने गर्भ समापन को आर्थिक, सामाजिक एवं मानवीय दृष्टिकोण से देखा है और इसे एक कल्याणकारी

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# समुदायों और संस्थाओं के साथ समाज कार्य अन्तःक्षेप

# ( Social Work Intervention with Communities and Institutions )

सामुदायिक संगठन
( Community Organisation )

## सामुदायिक संगठन : अवधारणा और सिद्धांत

## ( Community Organisation: Concept and Principles )

1

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

### परिचय

सामाजिक कार्यों में सामुदायिक संगठन एक सुस्थापित प्रणाली है। सामुदायिक संगठन का उद्देश्य समुदाय की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इन्हें अधिक संगठित करना और इनकी क्षमता को बढ़ावा देना है। प्रस्तुत अध्याय सामाजिक कार्य व्यवहार की प्रणाली के रूप में सामुदायिक संगठन के अर्थ, परिभाषा, मूल्यों और सिद्धान्तों के माध्यम से सामुदायिक संगठन को समझने में सहायता करता है। सामुदायिक संगठन की मूल अवधारणाओं का विश्लेषण भी इस अध्याय में किया गया है। साथ ही, मूल्य अभिन्यास और सामुदायिक संगठन व्यवहार प्रणाली के कुछ महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों की भी चर्चा की गई है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

### सामुदायिक संगठन का अर्थ और परिभाषा

**अर्थ**–सामान्यतः सामुदायिक संगठन से अभिप्राय समुदाय की समस्याओं का समाधान करने में सहायता करना है। भारत में समाज कार्य-व्यवस्था के संदर्भ में 'सामुदायिक संगठन' शब्द का तात्पर्य सामुदायिक जीवन के अन्तःक्षेप के लिए समाज कार्य की विधि से है। यह आवश्यक नहीं है कि एक सार्वजनिक स्थान पर रहने वाले व्यक्तियों का समूह संगठित ही हो। इन्हें संगठित मानने के लिए उनके बीच एकसमान विचार तथा आशाएं होनी चाहिए। उचित सामूहिक गतिविधियों के समूह से ही समुदाय संगठित होते हैं। वस्तुतः आपसी विचार-विमर्श, विभिन्न संस्थाओं का एकीकरण, सामूहिक हित एवं गतिविधियाँ, समुदाय की बदलती परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं की पूर्ति नए समूहों एवं संस्थाओं का निर्माण आदि सामुदायिक संगठन के महत्त्वपूर्ण निर्धारक तत्त्व हैं।

**परिभाषा**–सामुदायिक संगठन की अनेक परिभाषाएं दी गई हैं, जिन्हें समय-समय पर भिन्न-भिन्न संदर्भों के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है। मुख्य रूप से इनकी दो परिभाषाएँ प्रचलित हैं–मूरे जी. रॉस (Murry G. Ross) के अनुसार, "सामुदायिक संगठन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें समुदाय अपनी जरूरतों या लक्ष्यों की पहचान करता है। इन्हें प्राथमिकता देता है। इन पर कार्य करने के लिए विश्वास एवं संकल्प विकसित करता है। इनके लिए संसाधन जुटाता है तथा इन समस्त कार्यों को करने के लिए समुदाय में सहकारिता तथा सहकार का दृष्टिकोण एवं अभ्यास का प्रसार करता है।" मूरे जी. रॉस ने समुदायिक संगठन प्रक्रिया को एक ऐसी प्रक्रिया बताया है जिसमें जैसे-जैसे एक या अधिक सामुदायिक सीमाओं पर कार्यवाही की जाती है, वैसे-वैसे समुदाय की एकीकृत

www.neerajbooks.com



इकाई के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती जाती है। रॉस ने समुदाय शब्द का प्रयोग दो प्रकार के समूहों के लिए किया है। पहला यह है कि एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र, जैसे–एक गाँव, कस्बे, शहर, पड़ोस या शहर में एक जिले के सभी लोगों से बना होता है। इस प्रकार का समुदाय एक प्रान्त, एक राष्ट्र या विश्व के सभी लोगों से संबंधित हो सकता है। दूसरे, उसमें ऐसे लोगों के समूह शामिल हैं जिनके विचार या कार्य सामूहिक, जैसे–कल्याणकारी, कृषि, शिक्षा या धार्मिक हो सकते हैं।

क्रैमेर (Kramer) और स्पेक्ट (Specht) के शब्दों में "सामुदायिक संगठन का संबंध विभिन्न प्रकार के अन्त:क्षेप की विभिन्न प्रणलियों से है, जिसमें एक व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्त्ता की सहायता से व्यक्ति, समूह या संगठनों को मिलाकर बनी हुई सामुदायिक कार्य प्रणाली द्वारा मूल्यों की लोकतांत्रिक प्रणाली के अन्तर्गत रहकर, विशेष प्रकार की समस्याओं को सुनियोजित सामूहिक कार्रवाई द्वारा हल करने के लिए कार्य करते हैं।" इस परिभाषा में मुख्य रूप से दो परस्पर संबंधित बातें शामिल हैं–

(क) एक कार्य प्रणाली के साथ काम करने की पारस्परिक प्रक्रिया, जिसमें पहचान करने, नियुक्त करने और सदस्यों के साथ कार्य करने और संगठनात्मक तथा इनके मध्य आपसी संबंध विकसित करना शामिल है, जिससे उनके प्रयासों को बढ़ावा मिलता है।

(ख) समस्याग्रस्त क्षेत्रों की खोज करने, कारणों का विश्लेषण करने, योजनाओं का निर्माण करने, नीतियों को विकसित करने और प्रभावी कार्यवाही करने हेतु अपेक्षित संसाधनों को संगृहीत करने संबंधी तकनीकी कार्य सम्मिलित हैं।

सामुदायिक संगठन-प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित तीन आयामों से उत्पन्न होती हैं–

*(i)* समुदाय और इसकी समस्याएं,
*(ii)* समुदाय की बढ़ी हुई कार्यात्मक क्षमता और सामाजिक कल्याणकारी नीति को प्रभावित करने की क्षमता,
*(iii)* समुदाय के सदस्यों में आपस में तथा समूहों के बीच संबंधों को प्रभावित करने हेतु प्रयोग की गई प्रविधियाँ।

## समाज कार्य में सामुदायिक कार्य और सामुदायिक संगठन

समाज कार्य के अंग के रूप में सामुदायिक कार्य का लम्बा इतिहास रहा है। ऐतिहासिक दृष्टि से सामाजिक कार्य-शिक्षा से पहले सामाजिक कार्य का विकास हुआ है। ब्रिटेन और अमेरिका में समाज कार्य के अन्तर्गत सामुदायिक कार्य की शुरुआत 1880 में दान संगठन आन्दोलन और बस्ती (घर) आन्दोलन से हुई। भारत में 1936 में सामाजिक कार्य शिक्षा के लिए पहली संस्था की स्थापना के साथ ही सामुदायिक कार्य की शुरुआत हुई। भारत में सामुदायिक कार्य को मुख्य रूप से स्थापित प्रमुखताओं के विकास की प्रक्रिया के रूप में, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि विकास के क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

वस्तुत: सामुदायिक कार्य आधारभूत रूप में समाज कार्य की ही प्रक्रिया है। केस कार्य और समूह कार्य की तरह इसका प्रयोग भी कुछ मौलिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए किया जाता है। सामुदायिक संगठन में समाज कार्य का संबंध उस प्रक्रिया के प्रारंभ से है, जो समुदाय को मिल-जुलकर कार्य करने से रोकने वाली बाधाओं; जैसे–उदासीनता, निहित स्वार्थ की पूर्ति और भेदभाव आदि पर नियंत्रण करती है। साथ ही यह संभावनाओं को प्रेरित करने, स्थानीय संसाधनों का समुचित इस्तेमाल करने तथा सहयोगी दृष्टिकोण एवं निपुणता का विकास करने को प्रेरित करती है, ताकि उपलब्धियों के साथ कठिन लक्ष्यों की प्राप्ति संभव हो सके।

## सामुदायिक संगठन का मूल्य अभिविन्यास

सामुदायिक संगठन की उत्पत्ति अद्वितीय सन्दर्भ संरचना से होती है, जिसकी प्रकृति विशेष मूल्य अभिविन्यास पर आधारित होती है। समाज कार्य में सामुदायिक संगठन पद्धति का केन्द्रबिन्दु व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक मूल्यों की प्रणाली से प्रभावित होता है। इन मूल्यों से कार्यकर्त्ताओं की अन्त:क्षेप की शैली और समुदाय के सदस्यों के साथ इनके द्वारा अपनाई जाने वाली कुशलता भी प्रभावित होती है। दरअसल मूल्य विश्वास है, जो इन अभिमान्यताओं को चित्रित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा क्या किया जाना चाहिए और क्या नहीं किया जाना चाहिए।

सभी सामाजिक कार्य प्रणालियों में सामुदायिक संगठन की मूल्य अभिविन्यास की उत्पत्ति लोगों के साथ काम करने की कुछ आधारभूत मान्यताओं एवं सिद्धांतों की स्वीकृति से होती है। इनमें व्यक्ति की अपेक्षित मर्यादा एवं योग्यता के साथ-साथ अपना जीवन व्यवस्थित तरीके से जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति में सामर्थ्य और संसाधनों का होना आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत भौतिक आवश्यकताओं, जैसे–भोजन, वस्त्र और आवास को प्राप्त करने का अधिकार है। वस्तुत: ऐसे सामाजिक वातावरण की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए पूर्ण अवसर प्राप्त हों, प्रत्येक व्यक्ति को अपने समुदाय के कार्यों में भाग लेने का अधिकार हो तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु उपायों पर सलाह देने, 'स्वयं सहायता' के सिद्धांत पर चलने का अधिकार हो। ऐसे सामाजिक वातावरण ही सामुदायिक संगठन के लिए आवश्यक होते हैं, जिनके माध्यम से सामुदायिक संगठन प्रक्रिया के आधार के लिए मूल्य अभिविन्यासों की उपलब्धि होती है।

## सामुदायिक संगठन के सिद्धांत

मूल्य पर आधारित निर्णयों की अभिव्यक्ति को सिद्धांत व्यक्त करते हैं। वंचित एवं सीमांत लोगों की स्थिति में सुधार लाना, पारदर्शिता एवं ईमानदारी को बढ़ावा देना, आत्मनिर्भरता, सहयोग एवं भागीदारी आदि का अनुसरण करना आदि लोकतंत्र के प्रमुख सिद्धांत माने जाते हैं। सामुदायिक संगठन के साहित्य में सिद्धांतों के कई

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



आयाम प्रस्तुत किए गए हैं। दुनहैम (Dunham) ने सामुदायिक संगठन के 28 सिद्धांतों को प्रस्तुत किया है, जिसे उन्होंने सात शीर्षकों के अन्तर्गत विभाजित किया है। ये सात शीर्षक निम्नलिखित हैं–

*(i)* लोकतंत्र और समाज कल्याण,
*(ii)* सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए सामुदायिक जड़,
*(iii)* नागरिकों की समझ, संभरण, भागीदारी एवं व्यावसायिक सेवा,
*(iv)* सहयोग,
*(v)* समाज कल्याण के कार्यक्रम,
*(vi)* समाज कल्याण सेवाओं की पर्याप्तता, वितरण तथा संगठन,
*(vii)* निवारण।

मूरे जी. रॉस ने भी सामुदायिक संगठन के 12 सिद्धांतों की चर्चा की है। ये सिद्धांत निम्नलिखित हैं–

*(i)* समुदाय के भीतर अपनी वर्तमान स्थितियों से असंतोष होना चाहिए।
*(ii)* असंतोष का उद्देश्य एवं समुचित उपयोग संगठन, नियोजन और विशिष्ट समस्या के क्रम में कार्य में परिणत होना चाहिए।
*(iii)* सामुदायिक संगठन में व्याप्त असंतोष पर समुदाय में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।
*(iv)* संघ के मुख्य उप-समूहों द्वारा पहचाने गए और औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों प्रकार के स्वीकृत नेताओं को सम्मिलित करना चाहिए।
*(v)* समुदाय के उद्देश्य और विधियों एवं पद्धतियों को समुदाय की पूर्ण स्वीकार्यता प्राप्त होनी चाहिए।
*(vi)* संघ के कार्यक्रमों में भावनात्मक गतिविधियों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए।
*(vii)* संघ को समुदाय में मौजूद वर्तमान लक्षित, स्पष्ट एवं अव्यक्त सम्भावनाओं का पता लगाकर उनका समुचित प्रयोग करना चाहिए।
*(viii)* संघ को अपने भीतर, दो संघों के बीच और समुदायों के मध्य संप्रेषण का सक्रिय एवं प्रभावशाली तरीके से विकास करना चाहिए।
*(ix)* संघ को सहयोगी कार्य में समूहों को सशक्त करना चाहिए और उनका समर्थन प्राप्त करना चाहिए।
*(x)* संघ को समुदाय की वर्तमान स्थितियों के साथ सामंजस्य बढ़ाकर काम की गति को तीव्रता प्रदान करनी चाहिए।
*(xi)* संगठन को चाहिए कि वह प्रभावी नेतृत्व का विकास करे।
*(xii)* संघ को अपनी शक्ति, स्थायित्व और सम्मान को बढ़ाना चाहिए।

एच.वाई. सिद्दीकी ने भारत में सामुदायिक संगठन के कार्य में उपयोगी वास्तविक नीतियों को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित आठ सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है–

*(i)* विशिष्ट उद्देश्यों का सिद्धांत,
*(ii)* नियोजन का सिद्धांत,
*(iii)* लोगों की भागीदारी का सिद्धांत,
*(iv)* अन्त:समूह दृष्टिकोण का सिद्धांत,
*(v)* लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सिद्धांत,
*(vi)* लचीले संगठन का सिद्धांत,
*(vii)* सांस्कृतिक अभिविन्यास का सिद्धांत,
*(viii)* स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग का सिद्धांत।

भारत के सन्दर्भ में सामुदायिक संगठन की व्यवहारिक पद्धतियों का मार्गदर्शन करने वाले प्रमुख सिद्धांतों को निम्नलिखित रूप में व्यक्त किया जा सकता है–

*(i)* सामुदायिक संगठन साधन है, साध्य नहीं।
*(ii)* सामुदायिक संगठन सामुदायिक एकता और लोकतांत्रिक प्रणाली को विकसित करने के लिए है।
*(iii)* समुदाय की स्पष्ट पहचान की जानी चाहिए।
*(iv)* तथ्यों का अन्वेषण और आवश्यकताओं का मूल्यांकन अनिवार्य है।
*(v)* उपलब्ध संसाधन का पता लगाना चाहिए, उसका संग्रह करना चाहिए और उसका भरपूर उपयोग करना चाहिए।
*(vi)* नियोजन में भागीदारी को सुनिश्चित करना चाहिए।
*(vii)* सक्रिय एवं व्यापक सहभागिता पर बल देना चाहिए।
*(viii)* 'स्वयं निर्णय' के समुदाय के अधिकार का आदर किया जाना चाहिए।
*(xi)* स्वैच्छिक सहयोग पर बल दिया जाना चाहिए।
*(x)* प्रतिस्पर्द्धा की जगह सहयोग की भावना स्थापित करनी चाहिए और सहयोगी प्रयासों में समन्वय लाना चाहिए।
*(xi)* स्थानीय नेतृत्व की पहचान करना और उसे शामिल करना, जिससे कि सम्प्रेषण प्रक्रिया को आरम्भ करने में मदद मिल सके।
*(xii)* प्राधिकार या विवशता का यथासंभव सीमित तथा अंतिम उपाय के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए।
*(xiii)* कार्यक्रमों और सेवाओं की प्रकृति गतिशील एवं लचीली होनी चाहिए, सामाजिक कल्याण एजेन्सियाँ तथा कार्यक्रम सामुदायिक जीवन की बदलती हुई परिस्थितियों, समस्याओं और जरूरत के अनुसार होनी चाहिए।
*(xiv)* सतत सहभागी मूल्यांकन के लिए मानदण्ड निर्धारित होने चाहिए, जिससे कि कार्यक्रम की सफलता का पता लगाया जा सके।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. सामुदायिक संगठन की परिभाषा दीजिए।**

**उत्तर**–साहित्य में सामुदायिक संगठन की अनेक परिभाषाएं दी गयी हैं। इनमें से दो परिभाषाएं व्यापक रूप से स्वीकार की गई हैं। ये परिभाषाएं इस प्रकार हैं–

प्रथम परिभाषा मूरे जी. रॉस (Murry G. Ross) की है जिनके अनुसार सामुदायिक संगठन "एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



द्वारा एक समुदाय अपनी आवश्यकताओं का पता लगाता है, इन्हें प्राथमिकता देता है, विश्वास एवं मिलकर कार्य करने की इच्छा बनाता है, प्रयोग के लिए आन्तरिक एवं बाहरी संसाधनों का पता लगाता है और ऐसा करते समय समुदाय में सहानुभूति तथा सहयोगी दृष्टिकोण एवं प्रणाली को विकसित करता और अपनाता है।"

सामुदायिक संगठन की दूसरी परिभाषा क्रैमेर और स्पेक्ट (Kramer and Specht) की है, जो अधिक तकनीकी स्वरूप वाली है। उनके अनुसार सामुदायिक संगठन अन्त:क्षेप की विभिन्न विधियाँ हैं जिनके द्वारा व्यक्तियों, समूहों या संगठनों से निर्मित सामुदायिक कार्य प्रणाली मूल्यों की प्रजातांत्रिक पद्धति के अन्दर विशेष समस्याओं पर नियोजित सामूहिक कार्रवाई करने हेतु व्यावसायिक परिवर्तन लाने वाले एजेंट की सहायता से कार्य किया जाता है।

**प्रश्न 2. समाज कार्य में सामुदायिक संगठन की स्थिति क्या है?**

**उत्तर**–सामान्य तौर पर समाज कार्य के लिए 'सामुदायिक कार्य' शब्द का प्रयोग अलग अर्थों में किया जाता है। समाज कार्य को साहित्य में 'सामुदायिक कार्य', 'सामुदायिक विकास', 'सामुदायिक संगठन' और 'सामुदायिक सशक्तीकरण' जैसे शब्दों को आपस में बदलकर प्रयोग किया जाता है। कुछ विद्वानों ने इन सभी शब्दों का प्रयोग एक ही तरह के कार्यों के लिए किया है, जबकि कुछ विद्वानों ने इनका प्रयोग समुदाय से जुड़े विभिन्न तरह के कार्यों के संदर्भ में किया है। समाज कार्य की इकाई के रूप में सामुदायिक कार्य का लम्बा इतिहास रहा है। समस्त विश्व में इसे समाज कार्य पद्धति की अभिन्न इकाई के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। समाज कार्य की आरम्भिक अवस्था में ब्रिटेन में सामुदायिक कार्य को ऐसे समाज कार्य के रूप में देखा गया जो प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक क्षमता को बढ़ाने में सहायता प्रदान करने का प्रयास करता था। भारत में सामुदायिक कार्य को मुख्यत: स्थानीय प्रमुखताओं के विकास की प्रक्रिया में, विशेषकर शिक्षण, स्वास्थ्य और कृषि विकास के क्षेत्रों में देखा जाता है। सामुदायिक कार्य का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाना और इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपलब्ध संसाधनों के समुचित इस्तेमाल हेतु सक्षम बनाना है।

**प्रश्न 3. सामुदायिक संगठन पद्धति के व्यावहारिक उपयोग के मूल्य अभिविन्यासों पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**–सामुदायिक संगठन प्रणाली के व्यावहारिक उपयोग के मूल्य अभिविन्यास कुछ मौलिक अवधारणाओं, तथ्यों और सिद्धांतों पर आधारित होते हैं। ऐसी अवधारणाएं एवं तथ्य लोगों की नैतिकता एवं मर्यादा से जुड़े होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की कुछ मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं; जैसे–अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, भोजन, आवास और वस्त्र की प्राप्ति का अधिकार और क्षमता के अधिकतम विकास का अधिकार आदि। संकट की स्थिति में मदद की आशा व्यक्ति को सामुदायिक संगठन के प्रति उत्तरदायी बनाती है। सामाजिक वातावरण में व्यक्तित्व का पर्याप्त विकास होता है। अत: अपने समुदाय के कार्यों में भागीदारी के व्यक्ति के अधिकार एवं कर्त्तव्य उतने ही जरूरी हैं जितने कि व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्या पर विचार-विमर्श करना। वस्तुत: 'स्वयं सहायता' किसी भी सामाजिक कार्यक्रम का आधार होती है और इस तरह के मूल्य अभिविन्यास ही सामुदायिक संगठन पद्धति के व्यावहारिक उपयोग को निश्चित करते हैं।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

**प्रश्न 1. सामुदायिक संगठन और सामुदायिक कार्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर**–सामुदायिक संगठन में, समाज कार्य का संबंध उस प्रक्रिया से होता है जो समुदाय को आपसी सहयोग से काम करने वाली बाधाओं, जैसे–उदासीनता, स्वार्थ और भेदभाव आदि पर नियंत्रण करती है। यह संभावनाओं को प्रेरित करने, स्थानीय संसाधनों का समुचित प्रयोग करने तथा सहयोगी दृष्टिकोण के विकास पर बल देती है ताकि उपलब्धियों के साथ-साथ कठिन लक्ष्यों की प्राप्ति भी संभव हो सके।

सामुदायिक कार्यों के अन्तर्गत नियुक्त व्यक्तियों द्वारा सदस्यों को पहचानने, जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक सामूहिक क्रिया का निर्धारण करने तथा उन समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक स्थान निर्धारित करने की कोशिश की जाती है। सामुदायिक कार्य का संबंध प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपने कार्यों को व्यवस्थित करने की क्षमता विकसित करने और एकीकृत इकाई के रूप में कार्य करने की क्षमता विकसित करने से है।

**प्रश्न 2. सामुदायिक संगठन के नियोजन में भागीदारी पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर**–सामुदायिक संगठन में नियोजन एक अनवरत प्रक्रिया है, क्योंकि यह कार्यान्वयन और मूल्यांकन के चक्र का अनुपालन करती है। नियोजन कल्याण की अभिव्यक्ति या पक्षपात या परीक्षण प्रणाली के आधार पर न होकर निर्धारित तथ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए। सभी मामलों में लोगों को भाग लेने के लिए बाध्य करने की जगह उन्हें किसी एक स्तर पर तथा मुद्दों के आधार पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि लोगों में यह विश्वास जाग जाए कि कार्यक्रम से उन्हें पर्याप्त लाभ मिलेगा तो वे कार्यक्रम में निश्चित रूप से भाग लेंगे। अधिकतम सहभागिता के लिए यह जरूरी है कि सभी कारकों का विश्लेषण किया जाए और प्रतिगामी कारकों को दूर करने की कोशिश की जाए।

■■

www.neerajbooks.com